ए.डी.ए. के पार्कों में मरम्मत कार्य शुरू

अजमेर में पार्कों को विकसित, सौन्दर्यीकरण एवं मरम्मत कार्यो के 3 पैकेज लगभग 2 करोड़ रुपए के कार्यादेश जारी हो चुके है।

अजमेर, (कासं)। अजमेर विकास प्राधिकरण के तहत योजना क्षेत्र मे पार्को को विकसित, सौन्दर्यीकरण एवं मरम्मत कार्यो के 3 पैकेज लगभग 2 करोड के कार्यादेश जारी किए जा चुके है। योजना क्षेत्रों के कोटडा, बीके कॉल नगर, हरिभाऊ उपाध्याय नगर के ब्लॉक ए बी व सी, पृथ्वीराज नगर तथा पंचशील नगर के लगभग सभी 60 पार्को को पैकेज कार्यो मे शामिल किया गया है।

एडीए आयुक्त अक्षय गौदारा ने बताया कि शुकवार से सभी कार्य शुरू दिए गए है। वर्तमान मे कोटडा, बीके कॉल नगर हरिभाऊ उपाध्याय नगर व पंचशील नगर के कुल 12 पार्को का कार्य प्रगतिरत है।

इनके साथ ही शेष अन्य पार्कों के कार्य भी शीघ्र शुरू किए जाएंगे।

कार्यसमिति की बैठक आयोजित

अजमेर, (कासं)। अजमेर विकास प्राधिकरण की कार्यसमिति की बैठक आयुक्त अक्षय गोदारा की अध्यक्षता मे आयोजित की गई। बैठक में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए।

एडीए आयुक्त अक्षय गोदारा ने बताया कि बैठक मे डीडी पुरम योजना के ई तथा एफ ब्लॉक मे विधुतिकरण के लिए 945 लाख रूपए की वित्तीय व प्रशासनिक स्वीकृति जारी की गई। साथ ही जयपुर रोड पर बनने वाले एडीए के नए भवन के लिए मैसर्स गुलशन रॉय को भवन बनाने के लिए कार्यादेश जारी किया गया है। कायड स्थित मेडिकल कॉलेज के लिए 144.50 करोड की निविदाए प्राप्त की गई थी उस समय स्टील की मार्केट रेट व अन्य सामान की दर कम थी वर्तमान समय को देखते हुए 4.59 प्रतिशत की बढोतरी पर कार्यादेश जारी किया गया है।

आयुक्त ने बताया कि बैठक मे जनाना अस्पताल में गर्ल्स हास्टॅल के लिए अजमेर विकास प्राधिकरण को कार्यकारी एंजेसी नियुक्त किया गया है। साथ ही एडीए मे उपयोग आने वाले वाहनो के टैण्डर के लिए 63.97 लाख रूपए की संशोधित प्रशासनिक स्वीकृति जारी की गई।

बैठक में सचिव किशोर कुमार, निर्देशक वित्त राजकिशोर मीणा, निर्देशक विधि हजारी राम सिरवी, निर्देशक आयोजना पीआर बेनीवाल, मुख्य अभियंता अनिल कुमार गुप्ता, सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

कांग्रेस का प्रदर्शन, महिलाओं ने चूल्हे पर रोटियां पकाई

अजमेर, (कास)। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार अजमेर शहर जिला कांग्रेस कमेटी ने शुक्रवार को देश में बढ़ती महंगाई व बेरोजगारी को लेकर शुक्रवार को केंद्र सरकार के खिलाफ हल्ला बोल प्रदर्शन किया। कलेक्ट्रेट कार्यालय के बाहर कांग्रेसी पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं सहित अजमेर डेयरी अध्यक्ष एवं वरिष्ठ कांग्रेसी नेता रामचंद्र चौधरी के नेतृत्व में बड़ी संख्या में किसान और पशुपालकों ने भी धरने में भाग लेकर केंद्र की मोदी सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। केंद्र की मोदी सरकार किसान विरोधी सरकार है, केंद्र सरकार श्वेत क्रांति में बाधा डाल रही है।

दो घंटे प्रदर्शन के बाद कांग्रेसी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने गिरफ्तारियां भी दी। उनको पुलिस बसों में बैठकर थाने ले गई और कुछ देर पश्चात सभी को छोड़ दिया गया।

अजमेर शहर जिला कांग्रेस कमेटी के निवर्तमान अध्यक्ष विजय जैन व अजमेर डेयरी अध्यक्ष रामचन्द्र चौधरी ने बताया कि केंद्र सरकार की गलत नीतियों की वजह से देश में महंगाई बढ़ रही है, उससे हर वर्ग परेशान है। देश में त्राहि-त्राहि मची हुई है, लोगों के पास खाने के लिए रोटी तक नहीं है, साथ ही जिस तरह देश में बेरोजगारी बढ़ रही है, लेकिन प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार सिर्फ उद्योगपतियों को फायदा पहुंचाने का काम कर आमजनता के साथ भेदभाव कर रही है। केंद्र सरकार के खिलाफ राष्ट्रीय नेतृत्व सोनिया गांधी और राहुल गांधी द्वारा मुहिम छेड़ी है, इस मुहिम के तहत ही कांग्रेस देश भर में विरोध प्रदर्शन कर रही है, इसे लेकर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आव्हान पर शुक्रवार को अजमेर में भी हल्ला बोल प्रदर्शन किया गया, बारिश होने के बावजूद कांग्रेस के पदाधिकारी और कार्यकर्ता प्रदर्शन के दौरान डटे रहें और केंद्र सरकार के खिलाफ हल्ला बोल प्रदर्शन करते हुए अपना गुस्सा जाहिर किया, इस मौके पर कांग्रेस के पदाधिकारी और कार्यकर्ता डाक बंगले से रैली के माध्यम से कलेक्ट्रेट पहुंचे, जहां उन्होंने प्रदर्शन किया और बाद में गिरफ्तारयां भी दी।

अजमेर में कलैक्टर कार्यालय चैम्बर के बाहर धरने के दौरान कांग्रेस की महिला कार्यकर्ताओं ने चूल्हे पर रोटियां सेंक कर केंद्र सरकार के खिलाफ प्रदर्शन किया। फोटो-राष्ट्रदूत

विरोध प्रदर्शन में पूर्व विधायक, वरिष्ठ कांग्रेस नेता, कांग्रेस पदाधिकारी, अठिम संगठनों के पदाधिकारी, पार्षद व कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

मोदी सरकार किसान विरोधी है : रामचंद्र चौधरी

डेयरी अध्यक्ष रामचंद्र चौधरी के नेतृत्व में जिला कलेक्ट्रेट पर अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के आ ान पर महंगाई, बेरोजगारी एवं आवश्यक वस्तुओं पर जीएसटी थोंपने के विरोध में आयोजित हल्ला प्रदर्शन में बड़ी संख्या में किसान और पशुपालकों ने भाग लिया। इस अवसर पर धरने को संबोधित करते हुए डेयरी अध्यक्ष चौधरी ने कि कि केंद्र की मोदी सरकार हर मोर्चे पर विफल रही है एवं किसान एवं पशुपालकों की आमदनी को दुगना करने की प्रधानमंत्री की घोषणा थोथी साबित हुई हैं। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा आटे दाल के साथ दही लस्सी और छाछ पर भी जीएसटी लागू कर देश में चल रही श्वेत क्रांति में अवरोध पैदा कर रही है। उन्होंने कहा कि महंगाई और बेरोजगारी से देश के गरीब एवं मध्यम वर्ग के लोग परेशान है। कांग्रेस का हल्ला बोल प्रदर्शन केंद्र सरकार की तानाशाही सोच पर दबाव डालने और आमजन के हित में फैसले लेने को मजबूर करने के लिए है।

सडक़ पर बैठ सेंकी रोटियां: कांग्रेस के हल्ला बोल प्रदर्शन के दौरान शहर महिला कांग्रेस की पदाधिकारियों व महिला कार्यकर्ताओं ने कलेक्टर अंशदीप के चेंबर के बाहर चूल्हा जलाकर रोटियां सेंक कर केंद्र सरकार की नीतियों के खिलाफ अपना विरोध दर्ज कराया।

हल्ला बोल प्रदर्शन और धरने में पूर्व विधायक नाथूराम सिनोदिया, महेंद्र सिंह गुर्जर, रामनारायण गुर्जर, डॉ गोपाल बाहेती, पूर्व जिला प्रमुख रामस्वरूप चौधरी, महेंद्र सिंह रलावता, अजमेर शहर जिला कांग्रेस कमेटी के निवर्तमान महासचिव शिव कुमार बंसल, सोना धनवानी, मनीष सेन, दिनेश के शर्मा, गिरीश आसनानी, हरि सिंह गुर्जर छीतरमल टेपण, प्रद्युम्न सिंह, डॉ एस डी मिश्रा, कानाराम हनुतिया, उदाराम भेरुखेड़ा, भागचंद घासल, हरि धायल, राजू जैवलिया, राजेंद्र चौधरी, दिनेश सिंह राठौड़, मोती गुर्जर, रूपचंद नुवाद, धीराराम थोरिया, रामकन्या, गीता चौधरी, गजेंद्र रलावता, हनुमान बेगलियावास, मानसिंह झाक, राकेश मेवाड़ा, चेनाराम जाट, रामस्वरूप परौदा, रामेश्वर भदून, शांतिलाल ढेल, सत्य नारायण भटेसर, ओम सिरोंज, उदाराम कटसुरा, तुलसीराम झीरोता, हरिराम धांनमा, रामधन डोरिया, धर्मीचंद बोराड़ा, देवकरण गुर्जर शाहबुद्दीन काठात, हरिराम जाटली आदि कांग्रेसी कार्यकर्ता, किसान व पशुपालक भारी संख्या में मौजूद थे।

सार-समाचार

महा अभिषेक कार्यक्रम आयोजित

गुलाबपुरा, (निसं)। भाजपा नेता धनराज गुर्जर ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ,अम्बे कल्याण मंदिर में, शिवलिंग महा अभिषेक कार्यक्रम में भाग लिया एवं पूजा अर्चना की। भाजपा प्रदेश कार्य बैठक समिति सदस्य व नेता प्रतिपक्ष धनराज गुर्जर ने सावन में अनवरत रूप से चल रहे अंबे कल्याण मंदिर स्थित शिवलिंग की वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पूजा अर्चना कर नगर वासियों के उत्तम स्वास्थ्य की कामना की। अभिषेक कार्यक्रम में भाग लेते भाजपा नेता गुर्जर ने, श्रद्धालुओं व पंडितों के साथ शिवलिंग पर बिल्वपत्र चढ़ाकर, शहद, दूध दही, जल् चंदन से वैदिक मंत्रोच्चार के साथ, विशेष पूजा अर्चना की। तत्पश्चात मंदिर समिति के सदस्यों द्वारा भाजपा नेता धनराज गुर्जर को दुपट्टा पहना कर ,चंदन तिलक लगाकर सम्मान किया गया। इस दौरान महा अभिषेक कार्यक्रम में पंडित बजरंग शर्मा, भाजपा मंडल महामंत्री हरीश शर्मा, मनोज शर्मा सहित श्रद्धालु गण मौजूद थे।

बारिश से मकान गिरा, कुंआ ढहा

मसूदा, (निसं)। बारिश के चलते शुक्रवार को मसूदा पंचायत समिति क्षेत्र की बाड़ी ठाम पंचायत के ठाम बड़ा आसन में एक किसान का मकान ढह गया और सिंचाई का एकमात्र साधन कुआं पूरी तरह जमींदोज हो गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार ठाम बड़ा आसन निवासी जब्बार चाचा के खेत पर बना हुआ मकान बारिश के कारण ढह गया वही खेतों में पिलाई के लिए एकमात्र साधन कुआं ढहकर पूरी तरह जमींदोज हो गया। गनीमत रही कि कोई जनहानि नहीं हुई। जानकारी पर घटनास्थल पर पहुंचे बिजयनगर नायब तहसीलदार राम नरेश शर्मा बाडी ग्राम पंचायत सरपंच प्रतिनिधि रामेश्वर लाल माली ने मौका मुआयना कर घटना की जानकारी ली। पीड़ित किसान जब्बार ने प्रशासन से आर्थिक सहायता की गुहार लगाई है।

महादेव मंदिर में जलधारा बही

मदनगंज-किशनगढ़,(निस)। दाधीच समाज मदनगंज की और से जबरेशवर महादेव मंदिर में शुक्रवार को सहस्त्र धारा का आयोजन किया गया। सभाअध्यक्ष पं. देवीलाल शास्त्री, अध्यक्ष प्रेमसागर कुम्भया ने बताया कि मंदिर में भव्य झांकी सजाकर विशेष श्रंगार किया। साथ ही कार्यकारिणी बैठक रखी गई। बैठक में सर्वसम्माति से निर्णय लिया गया की शिक्षा के क्षेत्र में बालिकाओं को हर संभव सहायता उपलब्ध कराई जायेगी। इस दौरान सचिव राधेश्याम डेरोल्या, उपाध्यक्ष सत्यप्रकाश माडोल्या, परमेश्वर नुवाल, सुशील दाधीच, रामनिवास रतावा, रतनलाल सूठंवाल, कैलाश नुवाल, सुदेश कुम्भया, महिला मण्डल अध्यक्ष सुशीला देवी, प्रताप नारायण खटोड, किशनगोपाल, राजेश ईटोदिया सहित कई जने उपस्थित रहे।

रोलर स्केटिंग प्रतियोगिता आज से

अजमेर, (कास)। अजमेर स्केट एसोसिएशन के अध्यक्ष गजेन्द्र सिंह रलावता व सचिव राजेश शर्मा ने बताया कि 6 व 7 अगस्त 2022 को दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल अजमेर में जिला स्तरीय रोलर स्केटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है।यह प्रतियोगिता भारतीय रोलर स्केटिंग महासंघ के व राजस्थान रोलर स्केटिंग एसोएिसशन की बॉडी अजमेर स्केट एसोसिएशन द्वारा संचालित की जायगी। इस प्रतियोगिता में अजमेर जिले का कोई भी स्केटर भाग ले सकता है। इस संबंध में अधिक जानकारी के लिये 6अगस्त को शाम 4 से 5 बजे तक दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल में संपर्क किया जा सकता है।

लम्पी वायरस की रोकथाम की मांग

अजमेर, (कास)। नगर निगम अजमेर वार्ड 62 के पार्षद एवं गो सेवक नरेंद्र तुनवाल ने जिला कलेक्टर अजमेर को ज्ञापन देकर लम्पी वायरस के रोकथाम के लिए पुख्ता इंतजाम करने की मांग की है। पार्षद तुनवाल ने जिला प्रशासन से जागरूकता अभियान चलाने का अनुरोध किया है। वहीं डॉ मंजू शर्मा ने बताया कि लंपी वायरस से समय पर चिकित्सा,जागरूकता एवं सतर्कता बीमारी के फैलाव को रोका जा सकता है। डॉ मंजू शर्मा, दीपक खोरवाल, तुषार यादव, रमेश गुर्जर, मोहित चौहान मुकुल सिंह, अभिषेक गुर्जर आदि उपस्थित थे।

भीलवाड़ा जिले में बरसात

भीलवाड़ा, (नि.सं.)। भीलवाड़ा जिले के जल संसाधन विभाग के बाढ़ नियंत्रण कक्ष से प्राप्त जानकारी के अनुसार शुक्रवार प्रात: 8 बजे तक आसींद में 17, बदनोर में 18, भीलवाडा में 1, हमीरगढ़ में 11, हुरडा में 40, जहाजपुर में 8, कोटडी में 9, करेडा में 20, मांडलगढ़ में 8, सहाडा, रायपुर तथा बिजौलिया में 3-3, शंभूगढ में 27, रूपाहेली में 49 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई। इसी तरह अरवड बांध पर 3, चन्द्रभांगा बांध पर 10, जेतपुरा बांध पर 25 खारी बांध पर 21, नाहरसागर, पाटन बांध पर 22-22 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई।

एम.डी.एस. में टीकाकरण शिविर आयोजित

महर्षि दयानंद सरस्वती विश्वविद्यालय अजमेर में कोविड वैक्सिनेसन शिविर का आयोजन किया गया।

अजमेर, (कासं)। महर्षि दयानंद सरस्वती विश्वविद्यालय अजमेर में शुकवार को कोविड वैक्सिनेसन शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में कुल 180 जनों को वैक्सिनेसन लगाई गई।

विश्वविद्यालय के धन्वंतरी स्वास्थ्य केंद्र में टीकाकरण की शुरुआत कुलपति प्रो अनिल कुमार शुक्ला ने टीका लगवा के किया। इस अवसर पर कुलपति ने कहा कि प्रसन्नता की बात तो है ही की विश्वविद्यालय में तीसरी बार शिविर लगाया गया लेकिन खुशी तब होगी जब पूरे देश में शिविर लगवाने की जरुरत नहीं पड़े, एक लम्बा समय बीता जिसमे देश और दुनिया अनहोनी स्थिति से गुजरा जिसकी लोगो ने कल्पना नहीं की थी।

कुलपति ने कहा कि हम वे भाग्यशाली है की दुनिया के कुछेक ही देश है जो समय पर वैक्सिनेसन उपलब्ध कर पाए थे दुनिया के लिये एक सपना जैसा था भारत जैसे विशाल जनसंख्या वाला देश सबके लिए टीका उपलब्ध करा पाना ,लेकिन सरकारी इच्छा शक्ति एंजियोज के प्रयास मेडिकल हमारा संसार है, इनके सहयोग और जन मानस का यह विश्वाश था की अगर वेक्सिनेसन हो जायेगा तो ज्यादा सुरिक्षित रहेंगे।

टीकाकारण डॉ नरेंद्र पाल, एवं एल्विना रोज, तबरेज खान, अब्दुल माजिद, आशा सहयोगनी संतोष गौड़, सुनीता झाला जगदीश कछावा, चिकित्सा एवं स्वस्थ विभाग के समुदायक केंद्र गगवाना की टीम द्वारा किया गया।

जत्था चारभुजा गढ़बोर रवाना

आसीन्द, (निसं)। चारभुजा फाउंडेशन आसींद की पांचवी पदयात्रा का जत्था शुक्रवार को पंचायत समिति शिवालय मंदिर महाराणा प्रताप सर्किल से सुबह 5 बजे पद यात्रियों ने आसींद से चारभुजा गढ़बोर नाथ के दर्शन के लिए प्रस्थान किया।

जिसमें नगरपालिका उपाध्यक्ष विक्रम सिंह चुंडावत अजय राज सिंह दौलतगढ़ श्याम सिंह चुंडावत उमरी गौरव जोशी गजेंद्र सिंह शेखावत शंभू लाल गुर्जर राजेंद्र सिंह चुंडावत मनोज लोहार कर्मवीर सिंह राठौड़ सत्यनारायण छिपा युवराज सिंह भाटी मनीष छिपा संजय सिंह शेखावत भानु प्रताप सिंह दौलतगढ़ के पद यात्रियों ने इसमें भाग लिया । पैदल यात्रियों का क्षेत्रीय विधायक जबर सिंह सांखला ने माला पहनाकर अभिनंदन किया।

श्याम वाटिका के लोगों की भूख हड़ताल तुड़वाई

पुष्कर, (निसं)। पुष्कर में पुलिस थाने के सामने स्थित श्याम वाटिका के लोगों की मांगों को लेकर जारी भूख हड़ताल समझाइश के बाद स्थगित हुई।

श्याम वाटिका निवासी प्रकाश टेलर, पुखराज पाराशर, जगदीश कुमावत, अमरचंद व कोशल्या देवी शुक्रवार की सुबह अपनी मांगों को लेकर भूख हड़ताल पर उतर गए । मामले की जानकारी मिलते ही तहसीलदार संदीप कुमार चौधरी नायब तहसीलदार सौदान राम तुरंत धरना स्थल पर पहुंचे और भूख हड़ताल पर उतरे श्याम वाटिका के लोगों को समझाया कि उनकी मांगों को शीघ्र मान लिया जाएगा। तहसीलदार संदीप कुमार चौधरी ने बताया कि ईओ अभिषेक गहलोत से बातचीत की तो उन्होंने बताया कि सात दिन के अंदर 90ँ की कार्रवाई हो जाएगी सात दिन के आश्वासन मिलने के बाद श्याम वाटिका के लोगों ने भूख हड़ताल खत्म की इस दौरान भूख हड़ताल पर उतरे सभी लोगों को तहसीलदार ने जूस पिलाकर उनकी भूख हड़ताल खत्म करवाई। वही श्याम वाटिका के लोगों का कहना है कि अगर सात दिन बाद भी अगर उनकी मांगों को नहीं माना गया तो वह वापस भूख हड़ताल पर उतर जाएंगे तथा उनका धरना लगातार जारी रहेगा ।

गौरतलब है कि धरने के छठे दिन प्रदर्शनकारियों ने अभी अगर लीगल कार्रवाई नहीं होने के कारण आत्मदाह की चेताया था।

बनास बजरी लीजधारक ने पौधे लगवाए

मांडलगढ़, (निस)मांडलगढ़ उपखंड के सुरास पंचायत में स्थित नाहरगढ़ गाँव की चारागाह भूमि में बजरी लीज धारक की ओर से पौधारोपण अभियान की शुरुआत की।

पौधारोपण अभियान की शुरुआत पंचायत समिति सदस्य ने बरगद लगाकर की। इस अभियान में 5100 पौधे लगाने का लक्ष्य रखा गया है। मांडलगढ़ बनास नदी बजरी लीज धारक संवेदक के डायरेक्टर महेंद्र सिंह राजावत ने पौधारोपण कार्यक्रम में कहा कि प्रतिवर्ष पौधारोपण को एक अभियान के रूप में लेकर प्रत्येक व्यक्ति को एक एक पोधा लगाने का संकल्प लेना चाहिए। नाहरगढ़ चारागाह की भूमि को बजरी लीज धारक संजय गर्ग ने गोद लेकर विभिन्न प्रजाति के 3100 पौधे लगाए। चारागाह में पौधों की सुरक्षा के लिए तार बंदी कराई।

भीलवाड़ा में कांग्रेस का प्रदर्शन

भीलवाड़ा, (नि.सं.)। शहर कांग्रेस कमेटी पूर्वी एवं पश्चिम ब्लॉक के संयुक्त तत्वाधान में केन्द्र की भाजपा सरकार के खिलाफ, महंगाई आदि को लेकर जिलाधीश को ज्ञापन दिया गया एवं कलेक्ट्रेट के बाहर प्रदर्शन कर सामूहिक गिरफ्तारी दी।

संगठन महासचिव रियाज पठान ने बताया कि इस दौरान पूर्व सभापति ओम नराणीवाल, दुर्गेश शर्मा, मधु जाजू, मंजू पोखरना, हेमेन्द्र शर्मा, राजेन्द्र जैन, सुरेश बम्ब, बृजराज शर्मा, रियाज पठान, हमीद रंगरेज, हारूण रंगरेज, निसार सिलावट, गुडविन मसीह, दीपक व्यास, कुन्दन सोनी, अर्चना दुर्बे, सत्यनारायण सेन, लक्की पाराशर, योगेश सोनी, खेमराज पनवा, विनोद कसारा, दीपमाला लोट, इरफान शेख, वसीम शेख, शहाबुद्दीन शेख, राजकुमार, कुमार मंगलम, मनीष सांखला, अजहर खान, इमरान खान, एडवोकेट ओमप्रकाश तेली, एडवोकेट फारूख मंसूरी, कश्मीर शेख, मंजू राठौड़ आदि उपस्थित थे।

संगीतमय शिव धुणी हुई



कुमावत समाज रूपनगढ़ ने श्री सांवलाजी महाराज के मंदिर में कामेश्वर महादेव के 24 घंटे की अखण्ड संगीतमय शिव धुणी का आयोजन किया।

रूपनगढ़, (निसं)। रूपनगढ़ कस्बे में स्थित कुमावत समाज रूपनगढ़ द्वारा श्री सांवलाजी महाराज के मंदिर में शुक्रवार को कामेश्वर महादेव के 24 घण्टे की अखण्ड संगीतमय शिव धुणी का आयोजन हुआ।

संगीतमय शिव धुणी से पूर्व पंडित भवानीशंकर दाधीच के सानिध्य में 36 जोड़ों द्वारा पूजा पाठ करवाया गया। पुजारी गणेश खण्डेलवाल ने पूजा-अर्चना की। संगीतमय शिवधुणी में समाज के वरिष्ठ समाजसेवियों सहित सैकड़ों संख्या में माता-बहिने और युवा शक्ति के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

आज होगा कामेश्वर महादेव के सहस्त्र धारा और भव्य-श्रृंगार-आज 36 जोड़े कामेश्वर महादेव की पूजा-अर्चना कर सहस्त्र धारा करवायेंगे। सहस्त्र धारा पश्चात् कामेश्वर महादेव का भव्य श्रृंगार किया जाएगा। शाम को भोजन प्रसाद का वितरित किया जाएगा।

चोर गैंग से 17 बाइक बरामद

भीलवाड़ा, (नि.सं.)। भीलवाड़ा जिले की बनेड़ा थाना पुलिस ने जिले में सक्रिय एक बाइक चोर गिरोह का पर्दाफ़ाश किया है। पुलिस ने इस मामले में गिरोह के दो सदस्यों को गिरफ्तार कर इनके कब्जे से चोरी की गई 17 बाइक बरामद की गई हैं। पुलिस की पूछताछ में सामने आया है कि इस गिरोह ने भीलवाड़ा के अलावा कोटा सहित आसपास के कई जिलों में बाइक चोरी की हैं।

बनेड़ा थाना प्रभारी राजेंद्र ताड़ा ने बताया कि थाना क्षेत्र के ठामीण इलाकों एवं आसपास के कई क्षेत्रों में घरों के आगे व सुनसान जगह बाइक चोरी की वारदातें बढ़ गई थी।

इस पर पुलिस ने थाना क्षेत्र के रलायता गांव में रहने वाले परमेश्वर और रघुनाथ पुत्र हंगामी लाल भील व भागचंद पुत्र राधा किशन बैरवा को हिरासत में लिया। जिनसे पूछताछ करने पर क्षेत्र की कई बाइक चोरी की वारदातों का खुलासा हुआ। पुलिस ने इन दोनों की निशानदेही पर चोरी की करीब 17 बाइक बरामद की हैं।

प्रारुप-10 (नियम 6(7) देखिए)

प्राधिकृत अधिकारी का कार्यालय, नगरपालिका केकडी, जिला-अजमेर

क्रमांक/नपाके/कृ.भू.रू/2022-25/2593 दिनांक : 5.8.22

लोक सूचना

श्री प्रदीप कुमार वैष्णव पुत्र जगदीश प्रसाद वैष्णव निवासी बघेरा जिला अजमेर (राज.) ने इस कार्यालय में नीचे उल्लिखित भूमि का गैर-कृषि (अकृषि) प्रयोजन केउपयोग हेतु ऐसी भूमि के अपने अभिधृति अधिकारों के निर्वापन

जिले सहित तहसील का नाम	ग्राम का नाम	खसरा सं.	क्षेत्र
केकडी-अजमेर	राजस्व ग्राम केकडी	खसरा नं. 5191	कुल 0.5300 हैक्टर

इसलिए, इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम, 1956 की धारा 90-क और राजस्थान अभिधृति अधिनियम, 1955 की धारा 63 के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजनों के लिए भूमि के उपयोग हेतु अनुज्ञा प्रदान करने और अभिधृति अधिकारों के निर्वापन पर कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 7 दिन के भीतर-भीतर किसी कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दौरान अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष दस्तावेजों के साथ अपने आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा। उपयुक्त नियत समय के भीतर-भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझ जायेगा कि किसी को आक्षेप नहीं है और तद्नुसार मामले का निपटारा किया जायेगा। यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज 5.8.22 को जारी की गई है।

प्राधिकृत अधिकारी, न.पा. केकडी

आम सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी अभिभाष्या हरबन्स कौर पत्नी अमर सिंह निवासी-चांग चितार रोड़, महावीर गंज, ब्यावर का पुत्र जगजीत सिंह मानसिक बीमारी से पीड़ित है वह मेरी अभिभाष्या को हैरान-परेशान करता है पैसे मांगता है तथा झूंठे केसेस में फँसाने की धमकी देता है एवं मेरी अभिभाष्या की पैतृक सम्पत्ति को बेचने, किराये पर देने एवं खुर्द-बुर्द करने की धमकी देता है कोई भी व्यक्ति जगजीत सिंह से करार, संव्यवहार, लेनदेन न करे अगर करता है तो वह व्यक्ति स्वंय जिम्मेदार होगा।

सुरेश कुमार पारीक (एडवोकेट)
मो. 9828262655

प्रारुप-10 (नियम 6(7) देखिए)

प्राधिकृत अधिकारी का कार्यालय, नगरपालिका केकडी, जिला-अजमेर

क्रमांक/नपाके/कृ.भू.रू/2022-23/2592 दिनांक : 5.8.22

लोक सूचना

श्रीमती सीमा देवी पत्नी प्रदीप कुमार वैष्णव निवासी बघेरा जिला अजमेर (राज.) ने इस कार्यालय में नीचे उल्लिखित भूमि का गैर-कृषि (अकृषि) प्रयोजन केउपयोग हेतु ऐसी भूमि के अपने अभिधृति अधिकारों के निर्वापन

जिले सहित तहसील का नाम	ग्राम का नाम	खसरा सं.	क्षेत्र
केकडी-अजमेर	राजस्व ग्राम केकडी	खसरा नं. 9834/5190 9835/5191	कुल 0.3050 हैक्टर

इसलिए, इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम, 1956 की धारा 90-क और राजस्थान अभिधृति अधिनियम, 1955 की धारा 63 के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजनों के लिए भूमि के उपयोग हेतु अनुज्ञा प्रदान करने और अभिधृति अधिकारों के निर्वापन पर कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 7 दिन के भीतर-भीतर किसी कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दौरान अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष दस्तावेजों के साथ अपने आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा। उपयुक्त नियत समय के भीतर-भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझ जायेगा कि किसी को आक्षेप नहीं है और तद्नुसार मामले का निपटारा किया जायेगा। यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज 5.8.22 को जारी की गई है।

प्राधिकृत अधिकारी, न.पा. केकडी

आम सूचना सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि प्लॉट संख्या 68 मैसर्स एस. एस. स्टोन कॉरपोरेशन खनिज ग्रेनाइट क्षेत्रफल 1.0720 हैक्टेयर निकट ग्राम शेरगढ तहसील मसूदा जिला अजमेर राजस्थान को पर्यावरण स्वीकृति SEIAA जयपुर से मिल गई है। जिसका पूर्ण विवरण पर्यावरण विभाग की वेबसाइट Department of Environment पर उपलब्ध है। पर्यावरण स्वीकृति पत्र क्रमांक F1(4)/SEIAA/SEAC-Raj/Sectt/ Project/ Cat.B2(20867)/2021-22 Jaipur, Dated 02.08.2022 है।

कार्यालय अजमेर विकास प्राधिकरण, अजमेर

मूल आवंटी/अन्तरिति द्वारा निष्पादित वसीयतनामें के आधार पर नामान्तरण हेतु आम सूचना का प्रारूप

आम सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि प्राधिकरण की पंचशील नगर योजना के आवासीय भूखंड संख्या C-272 क्षेत्रफल 90 वर्ग मीटर के आवंटी श्रीमती उर्मिला देवी चौहान पत्नी श्री हरि सिंह चौहान निवासी अजमेर की मृत्यु दिनांक 27.4.2020 को होने पर मृत्यु प्रमाण पत्र तथा वसीयतनामा पंजीकृत दिनांक 17.1.19 संलग्न कर मृतक द्वारा निष्पादित वसीयतनामे के आधार पर नामांतरण हेतु श्री अभिषेक सिंह पुत्र श्री हरि सिंह निवासी अजमेर द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है उक्त नामांतरण किए जाने के संबंध में किसी को आपत्ति हो तो सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के भीतर आपत्ति प्राधिकरण कार्यालय में दर्ज करावे उक्त नियत अवधि पश्चात कोई आपत्ति स्वीकार योग्य नहीं होगी व आवेदक के नाम नामांतरण की कार्यवाही की जा सकेगी।

योजना प्रभारी अजमेर विकास प्राधिकरण

पर्यावरण स्वीकृति सूचना

मैसर्स जय श्री करणी मार्बल माइन्स खान संख्या क्वरी लाईसेंस नंबर 01/22 खनन एरिया चक डुंगरी रेंज मकराना तहसील मकराना जिला नागौर में स्थित है जिसका एरिया -0.4838 हैक्टेयर है, जिसकी स्टेट लेवल एनवायरमेंट इम्पैक्ट ओथॅरिटी राजस्थान से दिनांक 2 अगस्त 2022 को पर्यावरण स्वीकृति नं. f1(4)/SEIAA/SEAC-raj/Sectt/project/cat.B2(20866) 2021-22 जयपुर जारी की गई है। आदेश कि प्रति रा.रा.प्रदूषण मंडल के ऑफिस व RPCB की वेबसाईट पर उपलब्ध हैं।

कार्यालय अजमेर विकास प्राधिकरण, अजमेर

मूल आवंटी/अन्तरिति के मूल दस्तावेज गुम हो जाने पर फ्री होल्ड पट्टा जारी करने के क्रम में आम सूचना का प्रारुप

आम सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि अजमेर विकास प्राधिकरण आजमेर की ग्राम चौरसियावास योजना के खसरा नं. 1754, 1771 भूखण्ड संख्या -53 जो श्रीमती वीरा शर्मा पत्नी श्री रघु शर्मा निवासी अजमेर को आवंटित किया गया, जिसका पट्टा क्रमांक 8522 दिनांक 11/8/2004 को जारी किया गया। मूल आवंटी द्वारा उक्त भूखण्ड का बेचान जरिए पंजीकृत विक्रय पत्र के आधार पर श्रीमती आकांक्षा पत्नी श्री हेमन्त आसवानी को कर दिया है। श्रीमती आकांक्षा आसवानी द्वारा शपथ पत्र व गुमशुदगी रिपोर्ट प्रस्तुत कर अवगत कराया कि मूल पट्टा गुम हो गया है। उक्त भूखण्ड संख्या-53 खसरा नं. 1754, 1771 ग्राम चौरसियावास का फ्री होल्ड पट्टा श्रीमती आकांक्षा आसवानी के पक्ष में जारी किए जाने से किसी को कोई आपत्ति हो तो सूचना प्रकाशन के 7 दिवस के भीतर अपनी आपत्ति प्राधिकरण कार्यालय में दर्ज करावें उक्त नियत अवधि के पश्चात आपत्ति स्वीकार योग्य नहीं होगी व फ्री होल्ड पट्टा जारी कर दिया जाएगा।

नियमन प्रभारी अजमेर विकास प्राधिकरण अजमेर

आम सूचना

मैं राकेश जैन पुत्र श्री हस्तीमल जैन जाति जैन निवासी सावित्री मौहल्ला, बडी बस्ती पुष्कर जिला अजमेर सर्वसाधारण को निम्न प्रकार